## भारतीय गन्ना संस्थान में चार दिवसीय खेल का समापन

# करनाल बना चैम्पियन

लखनऊ। **प्रमुख संवाददाता**

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हुए चार दिवसीय खेलकूद में राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैम्पियनशिप जीत ली है। एथलेटिक्स में सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी और पुरुषों में करनाल के रजनीश कुमार सर्वश्रेष्ठ एथलीट बने। एनबीएफजीआर लखनऊ को सबसे अनुशासित टीम का खिताब दिया गया। खेलकूद का समापन महापौर डा. दिनेश शर्मा ने किया। लखनऊ की विज्ञानी वी. विशा कुमारी व शिमला की श्यामलता को विशेष पुरस्कार दिए गए।



फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता करनाल की टीम

आखिरी दिन का आकर्षण फुटबाल का खिताबी मुकाबला रहा। इसमें करनाल की टीम ने एनडीआरआई, करनाल ने सीएसएसआरआई. करनाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वॉलीबाल (शूटिंग) में भी एनडीआरआई, करनाल की टीम ने एनबीएजीआर, करनाल को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। कबड्डी में भी एनडीआरआई, करनाल ने अपना स्वर्ण अभियान जारी रखते हुए फाइनल में बिहार को हरा दिया। बास्केटबाल में गेंहू अनुसंधान निदेशालय, करनाल ने अनुज कुमार के शानदार खेल से एनडीआरआई करनाल को शिकस्त देकर खिताब जीत लिया। बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में सीपीआरआई शिमला ने एनडीआरआई करनाल को शिकस्त दी। बैडमिंटन महिला सिंगल व डबल में सीफेट लुधियाना के खिलाड़ियों ने बाजी मारी। कैरम पुरुष वर्ग में मेजबान संस्थान के आनंद मोहन श्रीवास्तव ने खिताब अपने नाम किया।

एथलेटिक्स की 1500 मीटर पुरुष दौड़ में एनडीआरआई, करनाल के रजनीश कुमार ने स्वर्ण व अनिल कुमार ने रजत पदक जीता। 400 मीटर पुरुष रिले में एनडीआर.आई, करनाल की टीम ने स्वर्ण प्राप्त किया। रजत पदक मेजबान संस्थान, लखनऊ को मिला। पुरुषों के जैवलिन थ्रो में करनाल के चंद्रभान ने स्वर्ण व संदीप देसवाल ने रजत पदक जीते।

# खेलकूद प्रतियोगिता : करनाल बना ओवरऑल चैम्पियन

लखनऊ (ब्यूरो)। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन घरेलू करनाल के खिलाड़ियों ने कई खेलों में अनेक पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन रहा। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि लखनऊ के मेयर डॉ. दिनेश शर्मा थे।

इस अवसर पर सर्वोत्तम महिला एथलेटिक का खिताब सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी को एवं एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार को सर्वोत्तम पुरूष एथलेटिक का खिताब दिया गया जबकि वॉली बॉल में एनडीआरआई, करनाल के राजीव कुमार सर्वोत्तम शूटिंग का खिताब मिला। खेल टूर्नामेंट में एनबीएफजीआर, लखनऊ को सबसे अनुशासित टीम घोषित किया गया।



लखनऊ की वी विशा कुमारी एवं शिमला की श्यामलता को विशिष्ट खेल प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार सुबह आयोजित फुटबॉल फाइनल मुकाबला में एनडीआरआई, करनाल ने सीएसएसआरआई., करनाल को हराकर स्वर्ण का अभियान शुरू किया। वॉलीबाल (शूटिंग) में एनडीआरआई, करनाल की टीम ने एनबीएजीआर, करनाल को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कबड्डी में भी एनडीआरआई, करनाल ने अपना स्वर्ण अभियान जारी रखा तथा हिसार की टीम को द्वितीय स्थान पर धकेल दिया। 1500 मीटर पुरूष दौड़ प्रतियोगिता में भी एनडीआरआई, करनाल के रजनीश कुमार तथा अनिल कुमार ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर पुरुष रिले रेस में भी एनडीआरआई, करनाल की टीम ने स्वर्ण प्राप्त किया तथा रजत पदक मेजबान संस्थान, लखनऊ को मिला। बास्केटबॉल में करनाल के आरएस छोकर तथा अनुज कुमार के उत्कृष्ट खेल की बदौलत अपने टीम को स्वर्ण पदक दिलाया तथा एनडीआरआई, करनाल को रजत पदक प्राप्त हुआ।

बैडमिंटन (पुरुष) में सीपीआरआई, शिमला को विजेता घोषित किया गया। बैडमिंटन के महिला वर्ग में सिंगल व डबल दोनों श्रेणी में लुधियाना के खिलाड़ियों का दबदबा रहा तथा स्वर्ण पदक जीतकर अपने संस्थान का नाम ऊंचा किया। कैरम (पुरुष) के अंतिम चक्र में मेजबान संस्थान के आनंद मोहन श्रीवास्तव ने जीत हासिल कर स्वर्ण पदक दिलाया। भाला फेंक (पुरुष) प्रतियोगिता में करनाल के चंद्र भान तथा संदीप देसवाल ने स्वर्ण तथा रजत प्राप्त किया।

अमर उजाला
लखनऊ, 23 मार्च 2013
My City

# करनाल ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**लखनऊ।** एनटीआरआई करनाल के खिलाड़ियों ने भारतीय गन्ना अनुसंधान की वार्षिक खेलकूद की ओवरऑल ट्रॉफी जीत ली। चार दिवसीय प्रतियोगिता में लुधियाना की दीपिका गोस्वामी को सर्वश्रेष्ठ महिला और करनाल के रजनीश कुमार को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी घोषित किया गया। इस अवसर पर मेजबान लखनऊ को अनुशासित टीम का खिताब दिया गया और मेजबान टीम के विशा कुमारी और शिमला की श्यामलता को विशिष्ठ खेल पुरस्कार दिया गया।

अंतिम दिन की शुरुआत फुटबाल फाइनल से हुई, जिसमें एनडीआरआई करनान ने सीएसएसआरआई करनाल को हराते हुए स्वर्ण पर कब्जा जमाया। वॉलीबाल फाइनल में एनडीआरआई करनाल ने एनबीएजीआर करनाल को खिताब कब्जाया। कबड्डी में भी करनाल की टीम अव्वल रही। 1500 मीटर दौड़ में करनाल के रजनीश कुमार ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिल कुमार दूसरे स्थान पर रहे। भाला फेंक स्पर्धा में करनाल के चन्द्रभान ने स्वर्ण और संदीप देसवाल ने रजत पदक जीता।

राष्ट्रीय सहारा
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
...दून • वाराणसी से प्रकाशित
लखनऊ । शनिवार • 23 मार्च • 2013

# करनाल के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**सरोजनीनगर-लखनऊ (एसएनबी)**। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को करनाल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के खिलाड़ियों ने टूनमिंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन रहे। मेयर डा. दिनेश शर्मा ने सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी को बेस्ट महिला एथलेटिक व एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार को बेस्ट पुरुष एथलेटिक अवार्ड देकर सम्मानित किया, जबकि डा. शर्मा ने राजधानी की वी. विशा कुमारी एवं शिमला की श्यामलता को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया। शुक्रवार को हुए फुटबाल फाइनल मुकाबले में एनडीआरआई करनाल ने सीएसएसआरआई करनाल को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। वालीबाल (शूटिंग) में एनडीआरआई करनाल की टीम ने यहीं की एनबीएजीआर की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। कबड्डी में भी एनडीआरआई करनाल ने हिसार की टीम को द्वितीय स्थान पर धकेल दिया। 1500 मीटर पुरुष दौड़ में एनडीआरआई के रजनीश कुमार तथा अनिल कुमार ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर पुरुष रिले रेस में भी एनडीआरआई करनाल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि रजत पदक मेजबान संस्थान अपने नाम करने में कामयाब रहा। बास्केटबाल में गेहूं अनुसंधान निदेशालय करनाल टीम के आरएस छोकर तथा अनुज कुमार के उत्कृष्ट खेल की बदौलत टीम स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। बैडमिंटन (पुरुष) में सीपीआरआई शिमला को विजेता तथा एनडीआरआई करनाल को उपविजेता टीम घोषित किया गया। बैडमिंटन के महिला वर्ग में सिंगल व डबल दोनों श्रेणी में सिफेट लुधियाना के खिलाड़ियों का दबदबा रहा तथा स्वर्ण पदक जीतकर अपने संस्थान का नाम ऊंचा किया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एके साह ने बताया कि इस मौके पर सुर झंकार संगीत संस्थान के बच्चों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं नृत्य से समापन समारोह में मौजूद अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

14 डेली न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ऐक्टिविस्ट
स्पोर्ट्स
लखनऊ, शनिवार 23 मार्च 2013

# एनडीआरआई करनाल ने जीती टीम चैंपियनशिप

- **अंतर संस्थानिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

**लखनऊ ( डीएनएन )।** एनडीआरआई, करनाल ने भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित अंतर संस्थानिक खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी जीती। सर्वोत्तम एथलीट महिलाओं में सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी व पुरुषों में एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार बने। एनबीएफजीआर, लखनऊ को सबसे अनुशासित टीम तथा लखनऊ की वी.विशा कुमारी एवं शिमला की श्यामलता को विशिष्ट खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। फुटबॉल, वॉलीबाल व कबड्डी में एनडीआरआई करनाल ने स्वर्ण जीता। 1500 मीटर पुरुष दौड़ में एनडीआरआई, करनाल के रजनीश कुमार ने पहला तथा अनिल कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर पुरु ष रिले रेस में एनडीआरआई, करनाल ने स्वर्ण तथा मेजबान संस्थान, लखनऊ ने रजत जीता। कैरम में पुरुषों में मेजबान संस्थान के आनंद मोहन श्रीवास्तव ने स्वर्ण तथा महिलाओं में नीलम सिंह ने रजत जीता। मुख्य अतिथि लखनऊ के मेयर डा. दिनेश शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए।